Title: Requests the Prime Minister to intervene to allocate funds for the completion of dam on Ganga River in Kanpur, Uttar Pradesh.

श्री जगत वीर सिंह द्रोण (कानपुर): सभापति जी, इस विषय को मैं पहले भी इस सदन में उठा चुका हूं। २० जनवरी, १९९४ को कानपुर में गंगा नदी को कानपुर से दूर हटने के कारण और कानपुर में ४० लाख आबादी को पीने के पानी की कठिनाई के कारण तत्कालीन केन्द्र सरकार में विद्याचरण शुक्ल जी मंत्री थे, उन्होंने प्रशासनिक स्वीकृति दी थी और गंगा बांध बनाने का कार्य प्रारम्भ करने का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ था। इसमें यह तय हुआ था कि २३३ करोड़ रुपया जो खर्च आने वाला है, उसको केन्द्र सरकार और राज्य सरकार आधा-आधा बांट कर के खर्च करेंगी। अब तक उत्तर प्रदेश सरकार उसमें लगभग ६० करोड़ रुपया खर्च कर चुकी है, लेकिन केन्द्र सरकार का अंश केवल छह करोड़ रुपया गया है। अनेक बार प्रान्त की सरकार ने केन्द्र सरकार को लिखा है, लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। मैं योजना आयोग के उपाध्यक्ष आदरणीय जसवन्त सिंह जी से मिला था, सम्बन्धित शहरी विकास मंत्री जी से मिला था। इसमें कठिनाई यह आई है कि योजना आयोग ने वित्त मंत्रालय को उसमें कोई प्रावधान नहीं किया, इस नाते वित्त मंत्री जी नगर विकास मंत्रालय को वह धनराशि देने में अपने आपको असमर्थ पाते हैं।

श्मेरा प्रधान मंत्री जी से आग्रह है कि वे इसमें हस्तक्षेप करें। यह बहुत अच्छी योजना है, जो पिछले दस महीने से बंद पड़ी है और मूल्यवृद्धि भी हो रही है। इसलिए इसमें तत्काल अवमुक्त धन उपलब्ध कराया जाए।